हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 3 नवंबर 2025



06 वेदांत आश्रम में अन्नकूट महोत्सव में शामिल हुए...



07 सांसद लता वानखेड़े को प्रदेश महामंत्री बनने पर दीं...



## खबर संक्षेप

### शिविर के माध्यम से पशुओं का उपचार

**विदिशा।** जिले की सभी शासकीय गौशालाओं के पशुधन का समय-समय पर परीक्षण शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। इस दौरान निजी पशुपालकों को भी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। इसी कड़ी के तहत पठारी तहसील की ग्राम पंचायत बरखेड़ा की श्री कृष्ण गौशाला, ग्राम पंचायत बरखेड़ा में बांझपन निवारण, एआई (कृत्रिम गर्भाधान) एवं टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पशुपालकों ने भाग लिया तथा बड़ी संख्या में पशुओं का टीकाकरण एवं उपचार किया गया। पशु चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा पशुओं की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक सलाह भी दी गई है।

### मतदाता सूची जांच कार्य का अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण


**विदिशा।** अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 144 विदिशा के विभिन्न मतदान केन्द्रों की मतदाता सूची की जांच कर रहे बीएलओ के कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम अटारी खेजड़ा एवं ग्यारसपुर में बीएलओ द्वारा किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संबंधी कार्य का अवलोकन किया तथा मतदाता सूची जांच कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने बीएलओ को मतदाता सूची के अद्यतन कार्य में पारदर्शिता एवं शुद्धता बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

### पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

**विदिशा।** जिले में लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान यह पाया गया है कि विभिन्न विभागों से कुल 26 पेंशन प्रकरण अब तक प्राप्त नहीं हुए हैं। इनमें 2 न्यायालयीन, 7 विभागीय जांच, 1 वैध उत्तराधिकारी, तथा 16 सामान्य प्रकरण शामिल हैं। संबंधित विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि न्यायालयीन, विभागीय जांच एवं वैध उत्तराधिकारी से संबंधित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति शीघ्र उपलब्ध कराएं तथा शेष 16 प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर जिला पेंशन कार्यालय, विदिशा में प्रस्तुत करें। जिला पेंशन अधिकारी उपेन्द्र सिंह मरावी ने बताया कि सभी विभागों को पेंशन प्रकरणों के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करें ताकि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समय पर पेंशन का लाभ मिल सके।

### नेमा समाज ने 56 भोग लगाए, समाज रत्न पुरस्कार की शुरुआत



**विदिशा।** नेमा समाज ने रविवार को बांसकुली स्थित धर्मशाला में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया। यह आयोजन पिछले 10 वर्षों से निरंतर हो रहा है, जिसमें इस वर्ष भी समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धर्मशाला परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में 56 भोग की महाप्रसादी अर्पित की गई। इस अवसर पर समाज की वार्षिक पत्रिका 'प्रयास' का विमोचन किया गया। समाज ने इस वर्ष से 'समाज रत्न पुरस्कार' की नई पहल शुरू की है, जिसके तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति को सम्मानित किया जाएगा। इस निर्णय का उपस्थित लोगों ने तालियों से स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक और जनपद अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में समाजजन, नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि इस आयोजन की विशेषता यह है कि महाभोग की सामग्री हर घर से आती है, जो सामाजिक एकता और समर्पण को दर्शाती है।

### आठ माह पहले मप्र के बजट में स्वीकृत हुईं सड़कों निर्माण का अब तक अता पता नहीं

# पूर्व मुख्यमंत्री भी जता चुके शहर की खराब सड़कों पर चिंता, फिर भी गड्ढे तक नहीं भरे

***आठ माह पहले मप्र के बजट में विदिशा की आठ सड़कों को स्वीकृति मिली थी, लेकिन सड़क निर्माण का आज तक अता पता नहीं है। वहीं करीब 16 दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी जिला स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान शहर की खराब सड़कों पर चिंता व्यक्त की थी। लेकिन सड़कों का निर्माण तो दूर कई सड़कों के आज तक गड्ढे तक नहीं भरे गए हैं।***

**पिछले दिनों 2 दिन हुई बारिश में ऐसे हुई थी पूरनपुरा गली नंबर पांच की सड़क की स्थिति**



विदिशा। पूरनपुरा गली नंबर पांच की सड़क पर सबसे अधिक दवाब।

**पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जाने वाले सड़कों के लिए री टेंडर हुई। निर्माण कब से शुरू होगा पता नहीं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर की सड़कें अब सड़क कम और गड्ढों का मायाजाल ज्यादा बन गई हैं। विदिशा में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 16 दिन पहले 17 अक्टूबर को जिला स्तरीय बैठक ली थी। करीब 8 माह पहले मप्र के बजट में विदिशा की 8 सड़कों को स्वीकृति मिली थी, लेकिन इनका काम आज तक शुरू नहीं हो सका है। विगत दिनों दो दिन हुई बारिश में ही शहर की सड़कों के गड्ढे साफ दिखाई देने लगे थे।

माधवगंज हॉस्पिटल रोड से रविशंकर चौराह, नीमताल चौक तक एक किलोमीटर की सड़क 3.02 करोड़ में बनेगी। कागदीपुरा से गुरुद्वारा होते हुए हॉस्पिटल रोड तक 1.40 किलोमीटर की सड़क 3.96 करोड़ में बनेगी। रामलीला से बजरिया और गल्लामंडी चौक तक 1.60 किलोमीटर की सड़क 4.79 करोड़ में तैयार होगी। किरी मोहल्ला से बरईपुरा चौराह तक 1.20 किलोमीटर की सड़क 2.99 करोड़ में बनेगी। नीमताल से तिलक चौक और मयूर न्यूज चौक से बड़ा बाजार तक 1.10 किलोमीटर की सड़क 2.74 करोड़ में बनेगी। विदिशा शहर में कुल 8 नई सड़कों का निर्माण होना है। पूरनपुरा से ऑर्किड कॉलोनी बायपास तक गली नंबर पांच की सड़क बदहाल है। रामलीला मैदान से बरईपुरा पुरानी गल्ला मंडी तक की सड़क सबसे ज्यादा खराब है। नीमताल से बड़ा बाजार, बजरिया, रामद्वारा से हरीपुरा जैसी सड़कों पर गड्ढे जानलेवा बन गए हैं। रायल सिटी और शिवाजी चौक जैसी प्रमुख सड़कों की हालत सबसे खराब है।

पुराने हॉस्पिटल पर हादसों में कई लोग गिरकर घायल हो चुके हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जैसे दिग्गज नेताओं के नाम से पहचाने जाने वाले विदिशा में सड़कों की इनती खराब स्थिति पहले कभी नहीं हुई। पिछले 8 साल में विदिशा नपा ने सड़क निर्माण पर करीब 65 करोड़ रुपये खर्च किए। रायल सिटी की सड़क को बने अभी सालभर भी पूरा नहीं हुआ, फिर भी जगह-जगह डामर उखड़ गया। शिवाजी चौक से बांसकुली तक की सड़क का डामर बारिश में बह गया। कई जगह एक-एक फीट गहरे गड्ढे उभर आए। शहर की मुख्य और अंदरूनी सड़कों की हालत इतनी खराब है कि दोपहिया वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं। विदिशा की कई प्रमुख शहरों की स्थिति खराब है। इसी बात को लेकर शिवराज सिंह चौहान नाराज दिखे हैं। अब देखना यह है कि शहर की सड़कों का निर्माण कब होगा।

**जल्द काम होगा**

पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जाने वाले सड़कों के टेंडर हो चुके हैं। यह उनके ऊपर है कि वह वर्क ऑडर कब देते हैं। रही बात नगरपालिका द्वारा बनाई जाने वाली सड़कों की तो टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी हैं। नपा द्वारा बनाई जाने वाले सड़कों का काम 15 दिन में शुरू हो जाएगा।

**- दुर्गेश सिंह ठाकुर,** नगरपालिका सीमएओ विदिशा

### किसानों को निर्धारित पात्रता से अधिक यूरिया बेचा

## 3 विक्रेताओं पर सिर्फ 5-5 हजार का जुर्माना, चेतावनी देकर छोड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

उर्वरक विक्रय में पाई गई अनियमितताओं पर प्रशासन ने सख्ती की है। जांच दल द्वारा की गई जांच में यह सामने आया कि कुछ विक्रेताओं ने किसानों को उनकी निर्धारित पात्रता से अधिक मात्रा में यूरिया का विक्रय किया है।

जांच के दौरान सेवा सहकारी समिति राजपुर हिनोता विकासखंड कुरवाई, सेवा सहकारी समिति महोटी तथा मेसर्स बांके बिहारी कृषि सेवा केंद्र, लटेरी विकासखंड लटेरी द्वारा किसानों को सीमा से अधिक यूरिया वितरण किया गया। उप संचालक के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर ने उर्वरक विक्रेताओं पर प्रत्येक पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

**लाइसेंस निलंबित करने की चेतावनी**

अर्थदंड अधिरोपित किया है। साथ ही सभी विक्रेताओं को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता दोहराए जाने पर उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिसमें लाइसेंस निलंबन तक की कार्रवाई भी संभव होगी। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को शासन द्वारा अनुदानित दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसलिए विक्रेता उर्वरकों का वितरण किसानों के रकबे एवं फसल की वास्तविक मांग के अनुसार ही करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिले के सभी उर्वरक विक्रेताओं की नियमित जांच की जाएगी ताकि किसी भी स्तर पर कालाबाजारी या अनियमितता की गुंजाइश न रहे।

### बाल स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन

**विदिशा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शालेय विद्यार्थी इकाई विदिशा ने सरस्वती शिशु मंदिर तलैया से पथ संचलन निकाला। जो नगर के मुख्य मार्गों से प्रारंभ होकर वापस तलैया विद्यालय में पहुंचा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रांत सह प्रचार प्रमुख अखिलेश श्रीवास्तव का बौद्धिक प्राप्त हुआ। संचलन में 3 वर्ष की आयु से 18 वर्ष आयु तक के सैकड़ों बाल और शिशु स्वयं सेवकों ने हिस्सा लिया। सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासन में घोष पर कदमताल करते हुए चले। उपरोक्त जानकारी नगर प्रचार प्रमुख राजू मालवीय ने दी है।

## वन विभाग ने 25 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई

### लटेरी परिक्षेत्र में अवैध फसलों पर चला बुलडोजर, विभाग ने गड्ढे करके बबूल के बीज बो दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

वन विभाग की सक्रियता से लटेरी वन परिक्षेत्र की करीब 25 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है। यह कार्रवाई वनमंडलाधिकारी हेमंत यादव के निर्देश पर की गई।

वन परिक्षेत्र अधिकारी लटेरी दक्षिण विवेक चौधरी के नेतृत्व में बीट मुंडेला के कक्ष क्रमांक पी–383 में 12 अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। अवैध रूप से बोई गई फसलों को तीन जेसीबी मशीनों की सहायता से नष्ट किया गया। इसके बाद भूमि पर कंटूर बनाकर बबूल के बीज बोए गए और सीमा पर पशु अवरोधक खंती तैयार की गई, ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो सके। गौरतलब है कि इन अतिक्रमणकारियों ने 18 मार्च 2024 को वन अमले से विवाद किया था, जिसके संबंध में थाना लटेरी में प्राथमिकी दर्ज है। इस कार्रवाई में एसडीओ (वन) हिमांशु त्यागी, एसडीओपी लटेरी, थाना प्रभारी लटेरी, तहसीलदार लटेरी सहित पुलिस बल और राजस्व अमला मौजूद रहा।

वनमंडलाधिकारी श्री यादव ने कहा कि वन भूमि पर अवैध कब्जा या खेती किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वन विभाग द्वारा ऐसे अतिक्रमणों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा ।



विदिशा। वन विभाग ने भारी संख्या में बल की मौजूदगी में जेसीबी से कराए गड्ढे।

## बीएलओ को दिया जा रहा एसआईआर प्रक्रिया का प्रशिक्षण, मतदाता सूची होगी और अधिक पारदर्शी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की तैयारी शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए जिले के सभी बीएलओ को अनुविभाग स्तर पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूचियों को शुद्ध, स्वच्छ और पारदर्शी बनाना है।

इस विशेष अभियान के तहत मृत व्यक्तियों के नाम हटाना, स्थायी रूप से निवास बदलने वालों के नाम व फर्जी पंजीकरण निरस्त करना प्रमुख उद्देश्य हैं। पंजीकरण प्रक्रिया के लिए प्रत्येक मतदाता को अपना फॉर्म भरने से पहले दो नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो तैयार रखना आवश्यक है। बीएलओ द्वारा मतदाताओं को फॉर्म उपलब्ध करवाया जाएगा, जिसे निर्धारित समयसीमा में आवश्यक दस्तावेजों सहित जमा करना होगा। निर्वाचन आयोग ने 11 दस्तावेजों की सूची जारी की है, जिनमें से कम से कम दो दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**पंजीकरण की तीन श्रेणियां तय की गई हैं**

1987 से पहले जन्मे मतदाताओं के लिए एक दस्तावेज पर्याप्त होगा, 1987 से 2004 के बीच जन्मे मतदाताओं को दो दस्तावेज (स्वयं व माता-पिता के) देना होंगे, जबकि 2004 के बाद जन्मे युवाओं को तीन दस्तावेज संलग्न करने होंगे।

आयोग ने आम नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं और दूसरों को भी मतदाता सूची में अपना नाम सही करवाने हेतु प्रेरित करें, ताकि लोकतंत्र की नींव और मजबूत हो सके।

### नामदेव महाराज की जयंती पर शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**विदिशा।** माधवगंज चौराह से संत नामदेव महाराज की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु, महिला मंडल और युवा वर्ग शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बंटी नगर स्थित नामदेव धर्मशाला पर समाप्त हुई। रथ पर सजी संत नामदेव महाराज की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। भक्ति गीतों पर झूमते श्रद्धालुओं और महिलाओं के पारंपरिक नृत्य ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



### धर्मशाला में हुआ प्रसादी वितरण



नामदेव धर्मशाला परिसर में प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और संत नामदेव के उपदेशों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। वरिष्ठजनों ने कहा कि संत नामदेव महाराज ने भक्ति और मानवता का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज को एकजुट रखे हुए है। उनके उपदेश लोगों को सद्भाव और सेवा की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

## 5 नवंबर को गुरुनानक देव का 556वां प्रकाशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गुरुनानक देव जी का 556वां प्रकाशोत्सव पूरे कार्तिक माह में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आगामी 5 नवंबर को होने वाले मुख्य प्रकाशोत्सव कार्यक्रम के निमित्त 25 अक्टूबर से प्रभात फेरियों की शुरुआत की गई है। सुबह-सुबह गुरुद्वारा से निकली प्रभात फेरियों में संगत ने शब्द कीर्तन करते हुए गुरु का जसगान किया।

3 नवंबर सोमवार को गुरुद्वारा में निशान साहिब का चोला बदलने की सेवा की जाएगी, जिसकी सेवा प्रवीण कुमार अरोड़ा द्वारा निभाई जाएगी। इसी दिन पंज प्यारे की अगुवाई में विराट नगर कीर्तन का आयोजन होगा, जिसमें भव्य पालकी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब विराजमान रहेंगे। पंजाब से आए गतका दल द्वारा युद्धक कला का प्रदर्शन किया जाएगा। पुरुष सफेद पोशाक में पीली या नीली पगड़ी तथा महिलाएं सफेद सूट एवं पीली चुन्नी पहनकर नगर कीर्तन में शामिल होंगी।

**कीर्तन दरबार सजेगा अखंड पाठ की समाप्ति**

5 नवंबर को मुख्य कीर्तन दरबार सजेगा, जहां अखंड पाठ की समाप्ति सुबह 10:30 बजे होगी। तत्पश्चात गुरु के अटूट लंगर की सेवा एवं रात्रि में बाल दरबार व कीर्तन दीवान का आयोजन होगा। सभी श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से आयोजन में शामिल होकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करने की अपील प्रधान सुरेंद्र चावला, महामंत्री कमलजीत सिंह, उपाध्यक्ष सचिन अरोड़ा, युवा संगठन के विवेक अरोड़ा एवं पर्यावरण मित्र कपिल कुमार ने की है।

### एसपी के निर्देश पर एडिशनल एसपी उपस्थिति में हुई बैठक

## नेफिस फिंगरप्रिंट व न्यायालयीन कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे की उपस्थिति में जिले के सभी थाना कोर्ट मोहर्रिरों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नेफिस फिंगरप्रिंट प्रणाली, न्यायालयीन समंस एवं वारंट की तामीली, अपराध चालान प्रस्तुतिकरण तथा कोर्ट रिकॉर्ड संधारण की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि नेफिस फिंगरप्रिंट प्रणाली का सौ प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, चिन्हित एवं गंभीर प्रकरणों में न्यायालय से शत-प्रतिशत सजा कराई जाए। न्यायालय से भेजे जाने वाले सभी समंस एवं वारंट ऑनलाइन माध्यम से भेजे जाने तथा उनकी समयसीमा में तामीली सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सभी कोर्ट मोहर्रिरों को न्यायालयीन कार्यों में समयबद्धता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बनाए रखने के निर्देश दिए गए, जिससे पुलिस कार्यवाही और न्यायिक प्रक्रिया के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। बैठक में जिला फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ निरीक्षक योगेंद्र साहू, रक्षित निरीक्षक भूर सिंह चौहान सहित जिले के सभी थाना कोर्ट मोहर्रिर उपस्थित रहे।



**समंस वारंट की तामिली में तत्परता पर जोर दिया**

एसपी ने कहा कि थानों में समंस एवं वारंट की तामीली के लिए तत्काल निष्पादन अधिकारी नियुक्त किए जाएं। प्राप्त समंस या वारंट की तामील पेशी दिनांक की प्रतीक्षा किए बिना तत्काल कराई जाए एवं उसकी रिपोर्ट सीसीटीएनएस प्रणाली पर दर्ज की जाए। साथ ही ऑनलाइन प्राप्त समंस/वारंट को अन्य थानों में केवल आवश्यक होने पर ही स्थानांतरित किया जाए।



## खबर संक्षेप

### एलसीडी पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को दिखाया



**गंजबासौदा।** शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार मे मां सरस्वती वंदना,वंदे मातरम के उपरांत मध्यप्रदेश गान के साथ मध्यप्रदेश स्थापना दिवस प्रारम्भ के उपरांत एलसीडी पर मुख्यमंत्री का उद्बोधन और कार्यक्रम दिखाया गया। इसके उपरांत शाला प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 1 नवम्बर 1956 को मध्यप्रदेश का गठन हुआ। पहले स्थापना दिवस के समय भोपाल को इसकी राजधानी चुना गया। इसे भारत का दिल भी कहा जाता है। शाला प्रभारी रघुवंशी ने मध्य प्रदेश में जन्मे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्र शेखर आजाद, तात्या टोपे, रानी अवंती बाई, माखन लाल चतुर्वेदी, सुभद्रा कुमारी चौहान के जीवन पर भी प्रकाश डाला। साथ ही बताया कि तीन दिन चलने वाले स्थापना दिवस कार्यक्रम में छात्रों द्वारा निबंध,वाद, विवाद, मौसम, भाषाओं के संबंध मे चर्चा हुई। आरती अहिरवार ने प्राकृतिक, धार्मिक स्थल और विश्व धरोहर स्थल चित्रकूट,पचमढ़ी, उज्जैन, अमरकंटक, सतपुडा टाइगर रिजर्व, खजुराहो मंदिर छतरपुर,सांची स्तूप, भीम बैठका शैलाश्रय आदि पर प्रकाश डाला। शिक्षक गोपाल दास अहिरवार ने एतिहासिक स्थल मांडु, ग्वालियर, ओरछा, दतिया, चंदेरी, भोजपुर आदि के बारे मे बताया। कुमारी देविका गुप्ता, मोहिनी अहिरवार ने मनमोहक पेंटिंग बनाई। शिक्षक रानी रघुवंशी ने बताया कि एक दिन पूर्व महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लोहपुरूष और प्रथम गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस था। उन्होंने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालकर, शिक्षकों और छात्रों को एकता और अखण्डता की शपथ दिलाई। आरती अहिरवार, कंचन अहिरवार के मार्गदर्शन मे छात्र, छात्राओं ने देश भक्ति के गीतों पर कार्यक्रम कर स्थापना दिवस मनाया। इसके उपरांत मिठाई बांटी गई।

# वेदांत आश्रम में अन्नकूट महोत्सव में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में रविवार को आयोजित अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा, भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। आश्रम परिसर में दिनभर अन्नकूट प्रसादी वितरण के साथ-साथ हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन और आरती के मधुर स्वर गुंजायमान होते रहे। अन्नकूट के भंडारे में साधु संतों, महंतों, क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक, व्यापारिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों के अलावा करीब 4 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। भंडारे में प्रसादी लेने के लिए दोपहर से देर शाम तक आश्रम में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला लगातार जारी रहा। श्रद्धालुओं को भंडारे में चावल कड़ी, पूड़ी, मालपुआ, रामभाजी के साथ-साथ पकौड़ी की प्रसादी दी गई। मुख्य आकर्षण आश्रम के विद्यार्थियों द्वारा गोबर से बनाए गए भगवान श्री गोवर्धन जी को अर्पित छप्पन भोग रहा। हाथ में गोवर्धन उठाए भगवान कृष्ण का भव्य श्रृंगार, दीपमालाओं की रौशनी और सुगंधित पुष्पों की साज-सज्जा से पूरा परिसर दिव्यता से आलोकित हो उठा। विभिन्न पकवानों के साथ जैसे ही छप्पन भोग भगवान के चरणों में अर्पित हुआ, आश्रम के विद्यार्थियों, श्रद्धालुओं के गोवर्धनधारी की जयघोष से पूरा आश्रम गूंज उठा। अन्नकूट महोत्सव में लगभग चार हजार श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन किए और प्रसादी ग्रहण कर महंतश्री से आशीर्वाद लिया। भजन मंडलियों ने श्रीकृष्ण भक्ति से ओतप्रोत कीर्तन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज ने आशीष वचनों में छप्पन भोग की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छप्पन भोग केवल अन्न या स्वाद का आयोजन नहीं, यह भक्ति की पूर्णता का प्रतीक है। यह वह क्षण है जब भक्त अपनी संपूर्ण कृतज्ञता और प्रेम प्रभु के चरणों में समर्पित करता है।



### अन्नकूट आयोजित

गंजबासौदा। रविवार को जिझौतिया ब्राह्मण समाज धर्मशाला वार्ड क्रमांक 1 रामनगर में भी समाज का अन्नकूट कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भगवान परशुराम एवं भगवान गोवर्धन की पूजन के बाद अन्नकूट कार्यक्रम शुरू हुआ और उसके बाद सभी ने अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष राजकुमार शुक्ला, अनिल दुबे, एसके मिश्रा सहित बडी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित हुए।

### विधायक, नपाध्यक्ष ने वार्डों में पार्षदों के साथ किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

# नगर के वार्डों में होंगे विकास कार्य जनता से की सहयोग की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





रविवार को नगर के अनेक वार्डों में विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमि पूजन विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर दोनों ही जन प्रतिनिधियों ने बताया कि नगर में बडे विकास कार्य तो बहुत हो गए हैं और अब विभिन्न वार्डों में व्याप्त समस्याओं के समाधान के लिए सडक रिनेवल, नाली निर्माण सहित अन्य आवश्यक विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इन विकास कार्यों में जनता पूरा सहयोग दे तो यह कार्य शीघ्र और अच्छी गुणवत्ता के साथ किए जा सकेंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को वार्ड क्र 1, 2, 6 एवं 7 में विभिन्न निर्माण कार्यों के भूमिपूजन आयोजित किए गए। जिनमें विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादौन, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तिवारी, किन्नर गुरू मुन्ना नायक, पूर्व नपाध्यक्ष मधुलिका अग्रवाल, जितेन्द्र मीणा, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, पार्षद मंजू कुशवाह, सतीश जैन कटारे, नीलू चौबे, नारायण सोनी, मनीष विश्वकर्मा, सुनील साहू, नीलू मणि अहिरवार आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने बताया कि नगर में बडे विकास और निर्माण कार्य हो चुके हैं और अब हम सब मिलकर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर नगर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए छोटे और आवश्यक विकास कार्यों पर जोर दे रहे हैं। वहीं नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि कुछ वार्डों में अधिकतर विकास कार्य हो चुके हैं, जबकि कुछ वार्ड पिछडे रह गए हैं। अब ऐसे ही वार्डों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों का खाका तैयार कर कार्य किया जाएगा। उन्होंने गलियों एवं नालियों सहित अन्य विकास कार्यों में जनता से सहयोग की अपील भी की। साथ ही पार्षदों की समस्याओं एवं शिकायतों का भी शीघ्र निराकरण कराने का आश्वासन दिया। वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तिवारी ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अब छोटे विकास कार्य भी तेजी के साथ किए जाएंगे और शीघ्र ही हम नगर को स्मार्ट और विकसित सिटी बनाएंगे।

उधर सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने बताया कि आगामी समय में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का भी नगरागमन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री नगर के लिए विशेष सौगात भी देंगे। जिससे नगर में और भी अधिक और तेज गति से जनकल्याण के लिए विकास कार्य होंगे।

# राष्ट्रीय सेविका समिति का नगर में शक्ति वंदन पथ संचलन निकाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

राष्ट्र सेविका समिति का शक्ति वंदन पथ संचलन रविवार को निकला। पथ संचलन में बासौदा, ऊहर, आटस, पठारी इत्यादि स्थानों की लगभग 200 बहनों ने अपनी सहभागिता एक गणवेश एक भाव के साथ की। कार्यक्रम की अध्यक्षता इनरव्हील अध्यक्ष मिनाली ओसवाल ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के समय में महिलाओं को राष्ट्र समाज और परिवार के संस्कार और संस्कृति के संवर्धन के लिए सजग होने की अति आवश्यकता है। मुख्य वक्ता के रूप में विदिशा विभाग की सह कार्यवाहिका रश्मि ताम्रकार ने अपने उद्बोधन में बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का शताब्दी वर्ष होने के साथ साथ राष्ट्र सेविका समिति के भी 90 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं और इसी अवसर पर 900 वादकों द्वारा घोष वादन का भव्य आयोजन होने जा रहा है। जिसमें हर क्षेत्र की प्रशिक्षित घोष वादक सम्मिलित होंगी। राष्ट्र सेविका समिति राष्ट्र में मातृत्व, नेतृत्व और कृतत्व को ध्यान में रखकर ही कार्य कर रही है। साथ ही पंच परिवर्तन जैसे पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, स्वका बोध, कुटुंब प्रबोधन का भी कार्य संघ के साथ साथ समिति भी कर रही है। बासौदा जिला कार्यवाहिका अवंतिका बघेल ने जिले में हो रहे कार्य के बारे में जानकारी दी। यह पथ संचलन बासौदा के तारण तरण जैन पाठशाला से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होकर वापस पाठशाला परिसर पहुंचा, जहां उसका समापन हुआ। पथ संचलन में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव सहित अनेक महिला शक्ति शामिल हुईं। उक्त जानकारी बासौदा जिला सम्पर्क प्रमुख जयश्री रघुवंशी ने दी।

### आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी घोषित



**गंजबासौदा।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत व सम्मान किया। इसी दौरान दिल्ली में आयोजित होने वाले पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन में शामिल होने की अपील की गई। मां शीतला धर्मशाला में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील रघुवंशी ने की। इस दौरान बैठक में दिल्ली के जंतर मंतर में 9 नवंबर को आयोजित होने वाले पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को लेकर गहन चर्चा की गई। जिसमें शामिल होने की अपील की गई। जिसमें जिले से 500 शिक्षकों को शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है। ब्लॉक अध्यक्ष नंदकिशोर प्रजापति, जिला अध्यक्ष सुनील रघुवंशी की सहमति और प्रदेश अध्यक्ष भरत पटेल की अनुशंसा पर ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें उपाध्यक्ष जन शिक्षक सौदान सिंह अहिरवार, राकेश मीणा, बाबू सिंह लोधी, गोपाल सिंह दांगी, अनीता साहू, सचिव रेवाराम सेन, कोषाध्यक्ष जन शिक्षक शंभू सिंह अहिरवार, संयोजक नारायण सिंह दांगी, सहसंयोजक उर्मिला शर्मा, चंद्रभान सिंह दांगी, अभिषेक राय, रामबाबू रघुवंशी, प्रकाश बाबू अहिरवार, प्रवक्ता नोनी प्रजापति, अंकित रघुवंशी, जन शिक्षक अमित श्रीवास्तव को ब्लॉक स्तरीय दायित्व प्रदान किया गया। जिन्हें पुष्प माला पहनकर बधाई दी गई। आगामी बैठक में ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा, कार्यक्रम का संचालन नंदकिशोर प्रजापति ने किया। इस दौरान भगवती प्रसाद सक्सेना, नारायण सिंह रघुवंशी कक्का, अरुण रघुवंशी, मनोज नामदेव, नवल दास कोरी, स्वरूप सिंह मोंगिया, रामकृष्ण साहू, विजय नामदेव, देवेंद्र कुशवाह सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

# लीग में आशु लायन ने योगी जलवा को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में नगर खेल प्रेमी एवं पूर्व बीआरसी स्व. कपिल तिवारी की पुण्य स्मृति में लीजेंड क्रिकेट लीग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें सीजन 1 में रविवार को आशु लायन योगी जलवा का मैच हुआ। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए योगी जलवा ने 10 ओवर में 63 रन ही बनाए। इसके बाद छोटे से लक्ष्य का पीछा करने उतरी आशु लायन की टीम की तरफ से पारी की शुरुआत सुपर सीनियर खिलाड़ी मनीष टार्जन और उमेश बबेले ने की। जिन्होंने 7 ओवर में ही बिना विकेट खोए लक्ष्य को पूरा कर जीत हासिल की। मैच के दौरान शानदार गेंदबाजी के लिए रंजीत पीटीआई को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच ओल्ड स्ट्राइकर्स और आर्यन स्टोन जिसमे आर्यन स्टोन ने 79 रन बनाए जिसको ओल्ड स्टाइकर्स ने आठ विकेट से जीत लिया। तीसरा मैच आफको और बासौदा 11 के बीच हुआ। जिसमें बासौदा 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 73 रन बनाये जिसके जवाब में अफ़को की पूरी टीम मात्र लगभग 60 रन ही बना पाई। इस मौके पर एसजीएस कॉलेज ग्राउंड में बडी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

### अवैध रूप से उर्वरक विक्रय करने पर प्रकरण दर्ज

गंजबासौदा। क्षेत्र के उर्वरक निरीक्षक आशीष आर्य को गत दिवस शिकायत प्राप्त हुई थी कि ग्राम भाटनी (बत्तीसा मोड़) में अवैध रूप से उर्वरक का व्यापार किया जा रहा है। प्राप्त सूचना पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम संतोष बिटोलिया के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया एवं पंचनामा तैयार किया गया। निरीक्षण के दौरान भूपत रघुवंशी के मकान में डीएपी उर्वरक का अवैध भंडारण पाया गया। मौके पर 30 बोरियाँ डीएपी उर्वरक की पाई गईं, जिन्हें उर्वरक निरीक्षक द्वारा जब्त कर इफको बाजार, बासौदा के सुपुर्द किया गया है। उर्वरक विक्रेता आकाश यादव निवासी नाका मर्दाखेड़ी, भाटनी से वैध लाइसेंस एवं दस्तावेज मांगे गए तो उन्होंने कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया। जांच में पाया गया कि वे बिना अनुमति के अवैध रूप से उर्वरक विक्रय कर रहे थे, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 तथा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 की धारा 35 का उल्लंघन है। इस पर उनके विरुद्ध थाना शहर गंजबासौदा में प्रकरण दर्ज कराया गया है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग उप संचालक केएस खपेडिया ने जिले के समस्त उर्वरक विक्रेताओं से अपील की है कि वे उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के प्रावधानों के अनुरूप ही व्यवसाय करें। साथ ही कीटनाशक विक्रेताओं को भी निर्देश दिए हैं कि वे कीटनाशक अधिनियम 1968 के नियमों का पालन करें। अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती भी मनाई गई

# आचार्य विद्यावैली में प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

आचार्य विद्या वाली हायर सेकंडरी स्कूल में भारत के प्रथम गृहमंत्री लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 सी जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर प्रणय जैन ने सरदार पटेल साहब के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति और अदम्य साहस का परिचय देते हुए देश में मौजूद रियासतों को समाप्त कर राष्ट्र को एकरूपता के सूत्र में पिरोया था। इस महान कार्य को सफलतापूर्वक करने के कारण ही उन्हें लोहपुरुष की उपाधि दी गई। सरदार पटेल का पूरा जीवन हम सबके लिए एक आदर्श है। साथ ही 1 नवंबर को ही विद्यालय में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया। विद्यालय के डायरेक्टर प्रणय जैन ने इस अवसर पर बताया कि हमारा प्रदेश पूर्व में तीन प्रांतों में विभाजित था। जिसमें मध्य भारत, विंध्य प्रदेश, भोपाल शामिल था। सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य ने 322 ईसा पूर्व उत्तर भारत सहित मध्य भारत को अपने क्षेत्र में शामिल किया। स्वतंत्रता के बाद भोपाल रियासत को समाप्त कर तीन प्रांत को मिलाकर 1 नवंबर 1956 को हमारे मध्य प्रदेश का गठन किया गया। इसमें से 1 नवंबर 2000 को प्रदेश के 16 जिलों को अलग कर छत्तीसगढ़ राज्य को अलग कर दिया गया। वर्तमान में हमारे प्रदेश में 10 संभाग और 55 जिले और अनेक प्राकृतिक, ऐतिहासिक धरोहरों, धार्मिक स्थल हैं। इनके साथ यह प्रदेश पूरे देश का हृदय स्थल है। संस्था प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना, डायरेक्टर अशोक जैन ,पंकज जैन, सत्येंद्र राजपूत सहित विद्यालयीन स्टॉफ और विद्यार्थी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### नर्मदा परिक्रमा के लिए श्रद्धालु आज होंगे रवाना



**गंज बासौदा।** नगर के वार्ड क्रमांक 14 से अनेक श्रद्धालु नर्मदा परिक्रमा के लिए सोमवार को पैदल रवाना होंगे। पैदल यात्रियों में मोहन सिहं रघुवंशी, हरिनारायण निवासी गण पंचपीर सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हैं। जिनका विधायक हरिसिंह रघुवंशी सहित नागरिकों ने फूल, मालाओं से स्वागत कर उज्जवल भविष्य की कामना की। यहां उल्लेखनीय है कि मां नर्मदा की परिक्रमा पर प्रतिवर्ष अलग अलग क्षेत्रों से श्रद्धालु जाते हैं। यह परिक्रमा कठिन है और इसे पूरा होने में करीब पांच से छह माह लगते हैं। ये श्रद्धालु भी इसी कठिन परिक्रमा पर जा रहे हैं।

# एसजीएस कॉलेज में स्थापना दिवस मनाया


हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालयए गंजबासौदा में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक और छात्र, छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मध्य प्रदेश गान से हुई। इसके पश्चात विभिन्न वक्ताओं ने अपने उद्बोधन दिए। प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा मध्य प्रदेश की स्थापना 1 नवंबर 1956 को हुई थी। जब यह राज्य भाषाई आधार पर गठित हुआ। यह दिन हमें राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक संपदा और विकास यात्रा की याद दिलाता है। हमें गर्व है कि मध्य प्रदेश हृदय प्रदेश के रूप में जाना जाता है, जहां विविधता में एकता की मिसाल कायम है। छात्रों से अपील है कि वे राज्य के विकास में योगदान दें और पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा एवं सामाजिक समरसता जैसे मुद्दों पर सक्रिय रहें। प्रशासनिक अधिकारी सुमन लता गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा मध्य प्रदेश ने पिछले 68 वर्षों में कृषि, उद्योग और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह राज्य आदिवासी संस्कृति का गढ़ है और बुंदेलखंड, मालवा, निमाड़ जैसी विविध क्षेत्रीय पहचान का प्रतीक है। स्थापना दिवस हमें एकजुट होकर राज्य को समृद्ध बनाने की प्रेरणा देता है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बीके प्रजापति ने अपने उद्बोधन में कहा मध्य प्रदेश की मिट्टी में वीरों की गाथाएं बसी हैं। आज का दिन हमें राज्य के महान स्वतंत्रता सेनानियों जैसे चंद्रशेखर आजाद, रानी लक्ष्मीबाई और तात्या टोपे को याद करने का अवसर देता है। छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे राज्य की प्रगति में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं और डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करें। महाविद्यालय के छात्र रवि राय ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। छात्रा मानसी तिवारी ने देशभक्ति गीत गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की डॉ. सरिता घेंघट, डॉ. विजय शाक्य, डॉ. कंचन वैद्य, घनश्याम चौकसे, डॉ. रेखा जांसल, डॉ. सबीहा मंसूरी, डॉ. विंदेश शुक्ला, डॉ. आरडी जाटव, डॉ. सपना श्रीवास्तव, डॉ. सुनील पाटीदार, शिवानी विश्नोई उपस्थित रहीं।

### दिन में धूप के कारण ठंड से राहत, रात में 10 बजे के बाद तेजी से गिरता है पारा

# नगर के लिंक रोड सहित अनेक जगह सजा गर्म कपड़ों का बाजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नवम्बर माह प्रारंभ होते ही शहर में ठंड का आगाज हो गया है, शाम होते ही नागरिकों को ठंड का अहसास होना शुरू हो गया है और लोग गर्म कपड़ों में लिपटे दिखाई देने लगते हैं। हालांकि दिन का तापमान 28 डिग्री व शाम का तापमान 20 से 25 डिग्री के बीच बना हुआ है। लेकिन बाजार में ठंड से जुड़े गर्म कपड़ों की दुकानें सज गई हैं और लोग गर्म कपड़ों की खरीदी भी करने लगे हैं। शहर में लिंक रोड एसबीआई बैंक के पास व मुख्य बाजार में गर्म व ऊनी कपडें दुकानों के बाहर लटलें नजर आने लगें है। कई अन्य स्थानों में हर बार की तरह इस बार भी दूसरे जिलों से गर्म कपड़ों को लेकर व्यापारियों ने दुकानें लगा ली है। इन व्यापारियों ने बताया कि अभी ठंड कुछ कम पड़ रही है जिससे ग्राहकी भी कम है आने वाले दिनों में जैसे-जैसे ठण्ड बढ़ेगी तो ग्राहकी भी बढ़ेगी।

**बाजार में इन कपड़ों की रही पूछ-परख**

नगर के लिंग रोड पर एसबीआई बैंक के पास सड़क किनारे गर्म कपड़ो की सेल लग गई है। गर्म कपडों की दुकान लगाने वाले व्यापारी ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी जैकेट, मफलर, स्वेटर की डिमांड है, इसके अलावा टोपा, हैंडग्लब्स, मोजे आदि की भी ग्राहक पूछपरख कर रहे हैं। वहीं एक अन्य दुकानदार का कहना है कि ग्राहकी धीरे-धीरे बढ़ रही है। उम्मीद है कि माह के अंत तक ठंड बढ़ने पर खरीदारी भी बढ़ जाएगी। अपने पसंद के गर्म कपड़े खरीदने के लिए नागरिकों का दुकानों पर पहुचना शुरू हो गया है। ग्राहकों की मानें तो वे अपनी पसंद के कपड़े खरीद कर घर ले जा रहे हैं। किसी को शॉल तो किसी को स्टोल पसंद आ रहा हैं तो वहीं कोई जैकेट की खरीदारी कर रहा है। दुकानदारों ने बताया कि उनके पास तरह-तरह के गर्म कपड़े हैं। दुकानदारों के मुताबिक लोगों को बजट के अनुसार गर्म कपड़े उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

**व्यापारियों ने खोलीं गर्म कपड़ें की दुकानें**

नगर के कपड़ा, बाजार चांदनी चौक,हाजीपुर,कहारा बाजार,कष्टम पथ पर कपड़ा व्यापारियों ने गर्म कपड़ो से अपनी दुकाने सजा ली है। मौसम बदलने से बढ़ी ठंड को देखते हुए दुकानों पर ग्राहक खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। नगर के कपड़ा व्यवसायी के.जी गर्ग ने कहा कि दशहरा के बाद ही सुबह-शाम की ठंड को देखते हुए दुकान में गर्म कपड़े मंगा लिए गऐ थे। पहले बिक्री कम हो रही थी, लेकिन कुछ दिनो से मौसम में बदलाव के कारण गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। लोग ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं। गर्म कपड़ों की बिक्री कर रहें है। प्रतिष्ठान में जैकेट, शॉल, स्वेटर, इनर, टोपी आदि गर्म एवं ऊनी कपड़े मंगा लिए गए हैं। गर्म कपड़ों की खरीदारी के लिए ग्राहक भी आने लगे हैं। उनका कहना है कि इस समय हल्की ठंड होने से कम ग्राहक खरीदारी के लिए आ रहे हैं। लगन शुरू होने पर गर्म कपड़ों की बिक्री बढ़ने की उम्मीद है।

अधिकतम तापमान भी अधिक होने के साथ ही न्यूनतम तापमान 16 से 17 डिग्री के आसपास बना हुआ है। वहीं अधिकतम तापमान 30 से 31 डिग्री के आसपास बना हुआ है। जिससे फिलहाल दिन में ठंड से राहत मिली हुई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले कुछ सप्ताह में ही तापमान का गिरना शुरू हो जाएगा।

### शहर की सड़कों पर जगह-जगह किया स्वागत

# नामदेव जयंती पर नामदेव समाज के लोगों ने निकाला चल समारोह





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नामदेव समाज ने शनिवार को नामदेव महाराज की जयंती मनाई। वही नामदेव समाज द्वारा शहर में चल समारोह निकाला,जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। चल समारोह का शुभारंभ नगर के नयापुरा से किया गया। जिसकी अगवानी बैंड-बाजे सहित अन्य विभिन्न बाजयंत्रों से की जा रही थी। तो वही चल समारोह में सजाई गई सजीव झांकी आर्कषक का केन्द्र रही। शहरवासियों ने भगवान की जगह-जगह आरती कर शोभायात्रा का स्वागत किया। यह शोभायात्रा नगर के कस्टम पथ,विद्यार्थी पथ,कठाली बाजार,सराफा बाजार,कपड़ा बाजार,चांदनी चौक,कोट गेट,कहारा बाजार से होते हुए भूतेश्वर पथ पर स्थित नामदेव समाज मंदिर परिषर पहुंचकर चल समारोह का समापन किया गया। वही नगरवासियों ने शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान युवतियां हाथों में कलश लिए एंव महिलाएं भगवान के भजन गाते हुए चल रही थी। वहीं युवा वर्ग बैंड-बाजें की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे।

**मंदिर में हुआ हवन पूजन का आयोजन**

इसके पश्चात भूतेश्वर पथ पर स्थित नामदेव समाज मंदिर में हवन पूजन एवं भगवान की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। इसके बाद महाप्रसादी वितरित की गई। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी मनोज नामदेव,सुनील नामदेव,राहुल नामदेव,नवीन नामदेव,शेरा नामदेव,ललित नामदेव,नरेन्द्र नामदेव,सत्यम नामदेव सहित बडी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

## सांसद लता वानखेड़े को प्रदेश महामंत्री बनने पर दीं शुभकामनाएं



**ग्यारसपुर।** ग्यारसपुर नगर में सागर सांसद लता वानखेड़े को प्रदेश महामंत्री नियुक्त होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। सांसद जब भोपाल से सागर जा रही थीं, तब ग्यारसपुर पहुंचने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर ग्यारसपुर, गुलाबगंज एवं बासौदा मंडल के कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया तथा प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी ज़िंदाबाद के नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। स्वागत समारोह में पार्टी पदाधिकारियों, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और लता वानखेड़े को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

## भागवत कथा में कथा व्यास पं. बालकृष्ण शास्त्री ने सुनाया रुक्मिणी विवाह प्रसंग



**रहली।** हरेराम संकीर्तन मंडल द्वारा चनोआ में चल रही श्रीमद भागवत कथा के षष्ठम दिवस कथा व्यास बालकृष्ण महाराज नवेली कुंज श्रीधाम वृंदावन ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। महाराज जी ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। कंस वध प्रसंग उपरांत द्वारिका गमन और रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया। इस सात दिवसीय भागवत कथा का सफल संचालन के लिए आयोजक मंडली के सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा।

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से करें पालन : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में जिले के समस्त अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से करें पालन कर कार्य करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में दिए गए निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। उसे अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर कोई भी मतदाता 2003 की मतदाता सूची को देख सकता है। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर भी मतदाता सूची उपलब्ध है। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ तीन बार मतदाताओं के घर घर जाएंगे, यह सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जो व्यक्ति 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, वह भी मतदात सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने बताया कि एन्यूमरेशन फार्म भरने में यदि कोई व्यक्ति मिथ्या घोषणा करता है तो जुर्माने या कारावास के लिए दंडनीय होगा।

**28 अक्टूबर से 7 फरवरी तक चलेगी प्रक्रिया**

कलेक्टरने बताया कि एसआई आर की प्रक्रिया 28 अक्टूबर से शुरू होकर 8 फरवरी तक चलेगी। इस बीच 28 से 3 नवंबर तक बीएलओ को ट्रेनिंग दी जाएगी। 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ द्वारा घर घर जाकर सर्वे किया जाएगा।9 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। 9 दिसंबर से 8 जनवरी तक दावा आपत्तियों के आवेदन लिए जाएंगे। 9 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 7 फरवरी को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।



## प्रकाश पर्व के पूर्व नगर कीर्तन यात्रा का कांग्रेस सेवादल परिवार ने किया स्वागत

**सागर।** कार्तिक माह की पूर्णिमा 5 नवंबर को गुरू नानक देव जी की जन्मजयंती और प्रकाश पर्व के पूर्व शहर में नगर कीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का प्रारंभ गुरूद्वारा भगवानगंज से प्रारंभ हुआ। यात्रा के शहर के ह्रदय स्थल तीनबत्ती पर पहुंचते ही शहर कांग्रेस सेवादल परिवार ने यात्रा पर पुष्प वर्षा कर के भव्य स्वागत किया। यात्रा में सम्मिलित सिख समाज के पंच प्यारों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। गुरू ग्रंथ साहब का पूर्ण आस्था से अर्चना की गयी। स्वागतकर्ताओं में शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, पप्पू गुप्ता, भेयन पटेल, हरिश्चंद्र सोनवार, श्रीदास रैकवार, संजय रैकवार, अन्नू घोषी, पकंज सोनी, लकी पंडा, तरूण सैनी, रवि जैन, फहीम अंसारी, परख शुक्ला आदि सम्मिलित रहे।

## दिगंबर जैन पाठशाला को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा के चौधरी जैन मंदिर की स्थित श्री दिगंबर जैन पाठशाला को प्रमाणिक समूह द्वारा अक्टूबर 25 माह की सर्वश्रेष्ठ पाठशाला का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रमाणिक पाठशाला समूह बच्चों की नैतिक एवं धार्मिक शिक्षा व धर्म प्रभावना के लिए पूरे देश में मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी मुनिराज के मंगल निर्देशन में पाठशालाएं संचालित करता है। इस प्रकार का पुरस्कार मिलना नगर एवं समाज के लिए बहुत ही गौरव की बात है।

इस अवसर पर पाठशाला के मंत्री प्रवीण सिंघई ने बताया कि गढ़ाकोटा कि इस पाठशाला की स्थापना आज से लगभग 80 वर्ष पूर्व परम पूज्य गणेश प्रसाद जी वर्णी जी महाराज जी की पावन प्रेरणा से स्थापित की गई थी। तब से आज तक यह पाठशाला अनवरत रूप से चल रही है।

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2026 के संबंध में बीएलओ, सुपरवाईजर का प्रशिक्षण संपन्न

**सागर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र भोपाल तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र 041 सागर के समस्त 248 बीएलओ एवं 25 सुपरवाईजरों का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर द्वारा शासकीय सहोद्रा राय पॉलीटेकनिक महाविधालय सागर में दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 041 सागर आरती यादव द्वारा बीएलओ एवं सुपरवाईजरों को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की जानकारी दी है एवं बताया गया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को दृष्टिगत रखते हुये सभी बीएलओं राजनैतिक दलों के द्वारा नियुक्त बीएलए से समन्वय कर उक्त कार्य निस्पक्षता से शत प्रतिशत शुद्धता के साथ पूर्ण करें।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा निर्देशित किया कि सभी बीएलओ एवं सुपरवाईजर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुसार उक्त सौंपा गया कार्य पूर्ण करें।

## पीटीएस एवं जेएनपीए सागर द्वारा संयुक्त रूप से रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**सागर।** भारत सरकार गृह विभाग एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन 31 अक्टूबर को पुलिस प्रशिक्षण शाला (पीटीएस) सागर में किया गया। इस 3 किलोमीटर की दौड़ में जवाहरलाल नेहरू पुलिस अकादमी (जेएनपीए) एवं पीटीएस सागर के अधिकारी, कर्मचारी तथा प्रशिक्षणरत 300 नव आरक्षक सम्मिलित हुए। दौड़ की शुरुआत परेड ग्राउंड नंबर 01 से पुलिस अधीक्षक लवली सोनी ने हरी झंडी दिखाकर की, जो 10वीं बटालियन पेट्रोल पंप तिराहे से होकर पुनः परेड ग्राउंड पर समाप्त हुई। यह दौड़ राष्ट्रीय एकता दिवस की भावना को सशक्त करने, देश की एकता एवं अखंडता के संरक्षण का संदेश देने हेतु आयोजित की गई। आयोजन में पीटीएस एवं जेएनपीए सागर के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रशिक्षु सक्रिय रूप से सहभागी बने।

## सागर का मोगली दल राज्य स्तरीय मोगली बाल महोत्सव 2025 में हुआ शामिल



**सागर।** राज्य स्तरीय मोगली बाल महोत्सव 2025 पेच अभ्यारण सिवनी में आयोजित हुआ जिसमें सागर जिले का मोगली दल राजेंद्र अग्निहोत्री जिला विज्ञान अधिकारी सागर के मार्गदर्शन में शामिल हुआ। इसमें कनिष्ठ वर्ग से मानसी कुर्मी शासकीय हाई स्कूल भीष्म नगर भैंसा विकासखंड राहतगढ़, शिवकुमार कुशवाहा शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहतगढ़ वरिष्ठ वर्ग से खुशी दागी एवं कार्तिक पटेल शासकीय हाई स्कूल पिपरिया चमारी विकासखंड बंडा ने पुष्पा लोधी मार्गदर्शी शिक्षिका के साथ सहभागिता करते हुए पेंच अभ्यारण मैं जंगल हंटिंग, जंगल सफारी एवं नेचुरल ट्रेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पर्यावरण एवं जंगली वातावरण को समझा उसके महत्व को जाना एवं जंगली जानवर के आवास के बारे में बृहद जानकारी प्राप्त की तथा राज्य स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में शामिल हुए। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, डीपीसी डॉक्टर गिरीश मिश्रा, एडीपीसी अभय श्रीवास्तव, जिला नोडल अधिकारी सुधीर तिवारी प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय सागर तथा एपीसी देवेंद्र चौबे राजीव तिवारी ने सभी को बधाई दी।

### रिनिया में देवउठनी एकादशी के उपलक्ष्य में अन्नकूट महोत्सव मनाया गया

# रामजानकी मंदिर में छप्पन भोग और पूजन करने उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



नटेरन ब्लॉक के रिनिया गांव में रविवार को देव उठनी एकादशी के पावन अवसर पर श्रीराम जानकी मंदिर में अन्नकूट एवं छप्पन भोग महोत्सव बड़े ही भक्तिभाव और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वातावरण में भक्ति रस घुल गया और दिनभर भजन-कीर्तन, पूजन-अर्चना और प्रसाद वितरण का सिलसिला चलता रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। मंदिर के पुजारी पंडित ब्रहानंद शर्मा ने वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच भगवान श्रीराम, माता जानकी और हनुमान जी की पूजा संपन्न कराई। उन्होंने बताया कि कार्तिक मास की देव उठनी एकादशी को अन्नकूट पर्व का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागृत होते हैं और उनके जागरण के साथ शुभ कार्यों का आरंभ होता है। यही कारण है कि इस दिन विवाह, गृह प्रवेश और अन्य मांगलिक कार्यों की शुरुआत की जाती है। पंडित शर्मा ने बताया कि 'अन्नकूट' का अर्थ है भगवान को अन्न का पर्वत अर्पित करना, जो समृद्धि, कृतज्ञता और अर्पण की भावना का प्रतीक है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए मंदिर में पंडित आदित्य शर्मा द्वारा भगवान श्रीराम-जानकी को छप्पन भोग अर्पित किए गए। विभिन्न प्रकार के व्यंजन, मिठाइयां, फल और मेवे से सुसज्जित भोग थालों ने मंदिर की शोभा बढ़ा दी।

पूजन के उपरांत कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमें कन्याओं को भोजन कराया गया और सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। भक्तों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश रघुवंशी, भाजपा नेता ठाकुर प्रसाद लोधी, पमारिया जनपद सदस्य सुरेश शर्मा, किसान संघ के दिनेश दुबे, नितिन सिरभैया, बालमुकंद तिवारी सहित बरखेड़ा, इमलिया, सेऊ, सिरसी, मूडरा, शामिल हुए। छप्पन भोग कार्यक्रम के बाद मंदिर प्रांगण में बरखेड़ा अड़वार के मंडल ने रामधुन की शानदार प्रस्तुति दी। मंदिर प्रांगण को रंग-बिरंगी झालरों, पुष्पमालाओं और दीपों से सजाया गया था। देर शाम आरती और भजन संध्या के साथ महोत्सव का समापन हुआ। रिनिया में आयोजित इस धार्मिक आयोजन ने न केवल श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया, बल्कि सामाजिक समरसता और सामूहिक आस्था का सुंदर संदेश भी दिया।

# मुरलीधर मंदिर महिला समिति कुरवाई ने निकाली ठाकुर जी की भव्य बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई



रविवार को मुरलीधर मंदिर महिला समिति के तत्वावधान में तुलसी विवाह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर ठाकुर जी की बारात नगर के मुख्य मार्गों से बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। बारात में नगर की महिलाएँ पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर झांकी और भजन कीर्तन करती हुई चल रही थीं। ढोल-ढमाकों, बैंड-बाजों और जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। ठाकुर जी की सुंदर झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। नगरवासियों ने मार्ग के दोनों ओर खड़े होकर ठाकुर जी की बारात पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। जगह-जगह पर समिति की सदस्याओं और श्रद्धालुओं द्वारा बारातियों के लिए प्रसाद एवं जलपान की व्यवस्था की गई। मंदिर प्रांगण में तुलसी विवाह की विधिवत पूजा-अर्चना पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच संपन्न हुआ इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष सहित सभी महिला सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। पूरे नगर में धार्मिक वातावरण और भक्ति रस का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## कब्जा मुक्त अभियान के नाम पर वन विभाग मुंह देखकर कर रहा कार्रवाई

# रसूखदार दरकिनार और गरीब आदिवासियों को वन जमीन से किया जा रहा 'बेदखल'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के सामान्य वन मंडल रायसेन और औबेदुल्लागंज द्वारा सालों से वनभूमि से कब्जा कर खेती करने वाले अतिक्रमण कारियों को बेदखल करने वनभूमि कब्जा मुक्त करने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिससे अतिक्रमण कारियों में हड़कंप मचा हुआ है, लेकिन एक खास बात सामने आ रही है कि दबंगों का जंगल की जमीन से वन अमले द्वारा रसूखदारों का अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा बल्कि गरीब दलित आदिवासियों को सालों से काबिज वनभूमि से बेदखल करने की कार्रवाई की जा रही है, जो बिल्कुल गलत है।


सामान्य वन मंडल सर्किल रायसेन के पूर्वी वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत कान पोहरा के ग्राम बावलिया में जंगल की जमीन पर अवैध कब्जे और खेती के खिलाफ जहां वन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए प्रकरण दर्ज किया है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मिसाल पेश करते हुए वहां एक हजार पौधे लगाकर पौधरोपण करने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

डीएफओ प्रतिभा शर्मा के निर्देश पर एसडीओ सुधीर पटले, वन रेंजर, डिप्टी रेंजर लाल सिंह पूर्वी, डिप्टी रेंजर राधा सोलंकी के नेतृत्व में वन अमला बावलिया जेसीबी मशीनें लेकर पहुंचा। जहां 18 हैक्टेयर क्षेत्र में बावलिया के हरिजन टोला की वनभूमि में की जा रही खेती को कब्जा मुक्त कराने बेदखली की कार्रवाई को अंजाम दिया। दिनभर चली वन अमले की अतिक्रमण हटाओ अभियान से अतिक्रमण कारियों में अफरातफरी का माहौल रहा।

### खास बातें

- वन अमले की दोहरी कार्रवाई का युवा कांग्रेस ने किया विरोध
- कब्जे से मुक्त कराई वन भूमि पर रोपे जाएंगे एक हजार पौधे
- वन भूमि पर हो रहे कब्जे पर ग्रामीणों ने की थी शिकायत





### 34 हेक्टेयर क्षेत्र की वन भूमि से वन अमले ने हटाया अतिक्रमण

*जिले के सामान्य औबेदुल्लागंज वन मंडल अधिकारी हेमंत रैकवार के निर्देश पर अवैध अतिक्रमण किए गए वनभूमि को कब्जा मुक्त करने का अभियान जारी है। जिसके अंतर्गत सुल्तानपुर उप वनमंडल अधिकारी आकाश सिंह, चिलवाहा उप वनमंडल अधिकारी शशांक तिवारी के मार्गदर्शन में किनगी कक्ष क्रमांक आरएफ 491 एवं उड़दमऊ कक्ष क्रमांक आरएफ 740 में लगभग 34 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। वहीं इस कार्यवाही से वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।*

### कार्रवाई पर युवा कांग्रेस ने पक्षपात का लगाया आरोप

वहीं युवा कांग्रेस नेता हर्ष वर्धन सिंह सोलंकी, गोविंद अहिरवार, बैनी प्रसाद, राधे लाल जाटव ने वन अमले पर पक्षपात करने के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि अमले ने रसूखदारों के जंगल की जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की। बल्कि दलित आदिवासियों को विभाग द्वारा जबरिया नोटिस देकर पीएम आवास सहित वनभूमि से कब्जे जबरन हटाए जा रहे हैं। जबकि ग्राम बावलिया हक्रीमखेड़ी, कानपोहरा और अंधेर में रसूखदारों का वनभूमि पर कब्जा बरकरार है। उनके कब्जे जंगल की जमीन से आखिर वन महकमे की टीम अतिक्रमण मुक्त क्यों नहीं करती।

### क्षेत्र में पेड़ काटकर खेत बनाया गया और अवैध खेती की

सात दिन पहले बावलिया के ग्रामीणों ने वन विभाग से दोबारा शिकायत की थी कि गांव के हरिजन टोले में गेहूं फसल बुआई की तैयारी की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि जब कुछ लोगों ने जंगल के बीच खेत को देखा तो वे हैरान रह गए। उक्त क्षेत्र में पेड़ काटकर खेत बनाया गया और अवैध खेती की जा रही है। इन बयानों के आधार पर वन विभाग ने दोबारा मामले की जांच कर कब्जा हटाने की कार्रवाई की। वन विभाग द्वारा इस भूमि से अवैध कब्जा हटाने के बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इस अभियान में एक हजार से अधिक पौधे लगाए जाने की कार्ययोजना बनाई जा रही है। जिनमें साल, सागौन, करंज, अर्जुन और अन्य देशी है। प्रजातियों के पौधे शामिलरहेंगे। यह रोपण न केवल पर्यावरणीय संतुलन को बहाल करने की दिशा में मील का पत्थर शामिल होगा।

### इनका कहना है

एसडीओ सुधीर पटले डिप्टी रेंजर लाल सिंह पूर्वी का कहना है कि यह कार्रवाई न केवल जंगल की जमीन को पुनः जीवंत करने का प्रयास है, बल्कि अवैध कब्जेदारों के लिए एक सख्त चेतावनी भी साबित हो रही है।

### इनका कहना है

विभाग के आदेश पर वन भूमि कब्जा मुक्त अभियान चलाया जा रहा है, जो निरंतर चलाया जाएगा।

-**प्रतिभा शुक्ला,** डीएफओ रायसेन

### खामखेड़ा भोई कॉलोनी के ग्रामीण डिप्टी रेंजर से परेशान कलेक्टर को आवेदन देकर की शिकायत

जनपद पंचायत सांची के ग्राम पंचायत मेंढकी के तहत आने वाले खामखेड़ा और भोई कि कॉलोनी के ग्रामीण डिप्टी रेंजर सर्जन सिंह मीणा, फॉरेस्ट गार्ड की कर प्रणाली से परेशान है। ग्रामीणों ने रूपये की अवैध वसूली के आरोप भी लगाए हैं। ग्रामीण भीकम आदिवासी, नारायण सिंह ज्ञान सिंह समर सिंह आदिवासी नेतराम अहिरवार आदि ने बताया कि डिप्टी रेंजर श्री मीणा जब से दोबारा से इस सलामतपुर वन सर्किल में आए हैं वह बगैर नोटिस दिए हमें जमीन पर खेती करने नहीं दे रहे हैं। जहां एक और सरकारें दलित आदिवासी सहित गरीबों को खेती के पट्टे देकर उनके पेट पालने का जरिया बना रही है। वहीं दूसरी तरफ वन विभाग के डिप्टी रेंजर नाकेदार उन्हें बेवजह परेशान कर रहे हैं। वह पिछले 80 सालों से वनभूमि की खेती पर काबिज है और फसले उगाकर परिवार का पेट पाल रहे हैं।

# कार्रवाई : ई-केवाईसी नहीं होने पर समग्र आईडी से कटे 5 हजार से अधिक नाम

## राशन, पेंशन व छात्रवृत्ति के लिए परेशान दोबारा नाम जुड़वाने में आ रहा पसीना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नगर पालिका रायसेन में ई-केवायसी नहीं होने पर लगभग 5 हजार से ज्यादा हितग्राहियों के नाम समग्र आईडी से काटे जा चुके हैं, जिससे राशन कार्ड बनवाने, पेंशन और छात्रवृत्ति प्रभावित हो रही है। दोबारा नाम जुड़वाने में लोगों का पसीना छूट रहा है।

जून महीने में समग्र-आइडी को आधार से लिंक कराने ई-केवायसी के लिए लोग नगर पालिका पहुंचे थे। जिसके बावजूद कई लोगों की ईकेवायसी नहीं हो पाई है।

निष्क्रिय हुए लोगों को पुनः सक्रिय कराने में कई तरह की समस्याएं आ रही हैं। लोक सेवा केंद्रों और एमपी ऑनलाइन कियोस्कों पर भीड़ बढ़ रही है। सर्वर की चाल भी धीमी है। कई नागरिकों का कहना है कि वे कई बार केंद्र गए, पर ई-केवाइसी नहीं हो पाई। समग्र आईडी को आधार कार्ड से लिंक करने की प्रक्रिया पिछले चार-पांच महीनों से चल रही है। हैरानी की बात यह है कि केवायसी के लिए इतने दिनों तक चलाए गए अभियान के बावजूद अनेकों लोगों की ईकेवायसी पूर्ण नहीं पाई है, जिससे समग्र आईडी से उनके नाम कट गए हैं जिन्हें दोबारा से लिस्ट में लगाने के लिए पसीना छूट रहा है।

नपा सूत्रों के मुताबिक केवायसी नहीं कराने से बड़ी संख्या में लोगों के नाम कट गए हैं। जिससे राशन, पेंशन के लाभ से लोग वंचित हो रहे हैं। बता दें कि शासन प्रशासन ने निर्देश दिए थे कि समग्र आईडी से आधार कार्ड लिंक कराना अब अनिवार्य हो गया है। जिन लोगों द्वारा केवायसी नहीं कराई उनके नाम समग्र पोर्टल से हट गए हैं।

### इनका कहना है

जिनके नाम समग्र आईडी पोर्टल से लिंक नहीं हैं, उन्हें ईकेवायसी कराना अनिवार्य है। अधिकृत रूप से नपा द्वारा समग्र आईडी से करीबन 5 हजार नाम कट चुके हैं।

- **मनुकांत चौरसिया,** समग्र प्रभारी, नगर पालिका परिषद रायसेन

# सड़क किनारे बने गड्ढे दे रहे हादसों को न्योता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल-विदिशा हाईवे 18 पर स्थित बैरखेड़ी चौराहा के समीप अंधे मोड पर रोड के साइड में एक फिट गहरा और कई फिट लंबाई वाला गड्ढा बना हुआ है, जो हादसों का न्योता दे रहा है। गड्ढे को बने हुए 8 दिन से ज्यादा हो चुके हैं मगर एमपीआरडीसी द्वारा उसको नहीं भरा गया है।

दो दिन पहले ही एक मोटरसाइकिल चालक अन्य वाहन को बचाने में मोटरसाइकिल समेत गड्ढे में चला गया था, जिससे वह गिरने से बाल बाल बचा, नहीं तो अनहोनी हो जाती।

ग्राम कुलहड़िया निवासी पवन सिंह प्रजापति और दीवानगंज निवासी सुरेंद्र सिंह नायक ने बताया कि हम प्रतिदिन विदिशा से अपडाउन करते हैं। रोड पर एक अंधा मोड़ है, जिस पर सामने का वाहन दूसरे वाहन चालक को दिखाई नहीं देता है। रोड के साइड में बना गड्ढे में कई वाहन एक दूसरे को बचाने के चक्कर में उतर जाते हैं। किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। एमपीआरडीसी को शीघ्र से शीघ्र रोड के साइड में हुए गड्ढे को भरना चाहिए ताकि किसी के साथ हादसा ना हो।

# सांसद खेल महोत्सव की राज्यमंत्री ने पकड़ी मशाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांसद खेल महोत्सव की मशाल जब जिला मुख्यालय पर पहुंची तो स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, बीजेपी जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, नपाध्यक्ष सविता जमना सेन और खिलाड़ियों द्वारा आगे बढ़ाया।

विदिशा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आयोजित किया जा रहा सांसद खेल महोत्सव–2025 की मशाल यात्रा सांची विधानसभा क्षेत्र के सांची नगर पहुंची। यहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और खिलाड़ियों द्वारा मशाल को थामकर भ्रमण किया गया। इसके उपरांत खेल महोत्सव मशाल को अगले गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

इस मौके पर नप अध्यक्ष रेवाराम पप्पू अहिरवार, जनपद पंचायत अध्यक्ष अर्चना सुनील पोर्ते, खेल अधिकारी भानु यादव, प्रवीण त्रिपाठी, बीजेपी के वरिष्ठ नेता प्रदीप दीक्षित शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### हुतात्मा दिवस पर बजरंग दल का रक्तदान शिविर

**बरेली।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा आज सोमवार को हुतात्मा दिवस पर रक्तदान शिविर का सिविल अस्पताल में आयोजन किया जा रहा है। बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद द्वारा समाज के लोगों से अधिकाधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की है। रक्तदान कर किसी का जीवन बचाया जा सकता है अनेक प्रकार के दान है परंतु रक्तदान का अपना अलग ही महत्व है। हुतात्माओं को समर्पित इस रक्तदान शिविर में एकत्रित हुआ रक्त जीवन बचाने अन्य के काम आएगा। सोमवार को सिविल अस्पताल में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक रक्तदान शिविर एवं रक्त परीक्षण की व्यवस्था रहेगी।

### निशुल्क नेत्र शिविर 7 को होगा आयोजित

**सिलवानी।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ (भोपाल) द्वारा 7 नवंबर, शुक्रवार को सिविल हॉस्पिटल, सिलवानी में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में सुबह 9 बजे से नेत्र परीक्षण प्रारंभ होगा। जांच के बाद जिन मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि होगी, उन्हें निःशुल्क ऑपरेशन हेतु बैरागढ़, भोपाल स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय भेजा जाएगा। चिन्हित मरीजों को लेंस प्रत्यारोपण, रहने, भोजन तथा आवागमन की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क कराई जाएगी। यह पूरा कार्यक्रम सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ के सहयोग से संचालित होगा, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं जरूरतमंद मरीजों को नेत्र रोगों से मुक्ति और दृष्टि संरक्षण प्रदान करना है। शिविर के दौरान अनुभवी नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मरीजों की आंखों की जांच करेगी।

## योगनिद्रा से उठे देव बेर-भाजी व आंवला फल किए अर्पण

# गन्ने के मंडप नीचे श्रीहरि माता तुलसी की हुई पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

देवउठनी एकादशी पर नगर एवं क्षेत्र में खुले आसमान के नीचे गन्ने का मंडप बनाकर भगवान शालिग्राम और माता तुलसी की विशेष पूजन कर परिवार में सुख-शांति, समृद्धि की प्रार्थना की गई।

चार माह की योग निंद्रा से भगवान श्री हरि के जागने पर शुभ मुहूर्त में घरों घर पूजन में बैर, भाजी, आंवला, फलों नए वस्त्र, मिष्ठान का भोग अर्पण किए जाने के बाद नगर में जमकर आतिशबाजी कर देवउइनी एकदशी पर्व मनाया गया। देव उठने के बाद अब मांगलिक कार्यों की भी शुरुआत हो गई है।



देवउठनी ग्यारस पर भगवान श्री हरि एवं माता तुलसी को विभिन्न प्रकार के फल अमरुद, सिंघाड़े, बेर, सीताफल, पपीता, मूंगफली इत्यादि का अर्पण कर उनके खाने की शुरुआत होती है। इसी के साथ भगवान को हरी सब्जियां भाजी अर्पण कर गन्ने का मंडप बनाने कर पूजन करने की परंपरा है।

### विवाहों के निमंत्रण शुरू

देवउठनी ग्यारस पर भगवान शालिग्राम और माता तुलसी के विवाह की रस्म के साथ ही परिवारों में विवाह कार्यक्रम भी प्रारंभ होना शुरू हो गए है। लोगों ने निमंत्रण पत्रों का वितरण और आना शुरू हो गया है। नवंबर के दूसरे तीसरे सप्ताह में विवाह की अधिकता बनी रहेगी।

### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूलों से किया स्वागत



**सिलवानी।** पारसनसथ दिगंबर जैन समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारी संरक्षक सिंघई चंद कुमार जैन, अध्यक्ष जयकुमार जैन (जयभैया), महामंत्री अभिषेक सिंघई सहित अन्य पदाधिकारियों का स्वागत समाजसेवी जयदीप पटेल के द्वारा फूल माला पहना कर किया गया। इस मौके पर प्रवीण जैन, सुनील जैन, अशोक जैन, विनोद पटेल, निर्मल बजाज, दल सिंह कुर्मी, आशीष सिंघई, सचिन मेडीकल, ओके मस्ताना आदि मौजूद रहें।

# श्रीरामलीला मैदान में चल रही भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

श्री रामलीला मैदान में 27 अक्टूबर से प्रारंभ हुई श्रीमद् भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ का रविवार को सुदामा चरित्र वर्णन के साथ समापन हुआ। सीताराम राय परिवार की ओर से कथा आयोजन के दौरान श्री धाम राधा कुंड मथुरा से पधारे पंडित उमाशंकर शुक्ल द्वारा 7 दिनों तक भागवत कथा भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन कर जीवन में धर्म संस्कृति से स्नेह करने भगवान की भक्ति का संदेश दिया गया।

कथा व्यास पंडित उमाशंकर शुक्ल द्वारा भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव गिरिराज पूजन का महत्व, श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह एवं कथा के समापन पर द्वारकाधीश बने भगवान श्री कृष्णा और उनके गरीब मित्र सुदामा के मिलन की कथाओं का विस्तार से वर्णन कर जीवन में भगवान की भक्ति सादगी धर्म में जीवन अभियान छोडक़र भगवान की शरण में जीवन जीने पर जीव का कल्याण होने का संदेश दिया। कहा कि भगवान सब की रक्षा करते हैं प्रत्येक आत्मा के कल्याण के कार्य करते हैं जब को अपने कर्मों के अनुसार फल प्राप्त होता है ।



### आज हवन भंडारा

*नगर के सीताराम राय परिवार के द्वारा सात दिवसीय कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया कथा समापन पर धार्मिक परंपरा के अनुसार आज सोमवार को हवन के बाद कन्या ब्राह्मण भोज भंडारा प्रसादी वितरण का कार्यक्रम कथा स्थल रामलीला मैदान में रखा है।*

## शालेय विद्यार्थियों का निकाला पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

नगर में शालेय विद्यार्थी का संचलन निकाला गया जो नगर के दशहरा मैदान से होते हुए शक्तिनगर, चिंतामन चौराहा, बस स्टेड, सोसायटी रोड होते हुए वापस दशहरे मैदान मंगलवारा बाजार में समापन हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाड़ी खंड संघ चालक नरेश रघुवंशी, मुख्य अतिथि के रूप में पंडित विनोद खेड़ापति, मुख्य वक्ता जिला सह संपर्क प्रमुख राजीव भार्गव ने अपना बौद्धिक में गुरु तेगबहादुर, गुरु गोविंद सिंह एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला एवं संघ में शाखा के बारे में विस्तार से बताया। नागरिकों एवं मातृ शक्तियों ने घर घर पुष्प बरसाकर एवं रंगोली बनाकर संचलन का स्वागत किया।

## रंगोली से सजा नगर, देशभक्ति और अनुशासन का रहा अनूठा संगम

# नगर में कदमताल करते निकले बाल स्वयं सेवक

*◆ आरएसएस के बाल पथ संचलन में दिखी उत्साह और ऊर्जा- नागरिकों ने फूल बरसाकर किया स्वागत, मार्गों पर सजी रंगोली से महका नगर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

रविवार का दिन सिलवानी नगर के लिए विशेष रहा। प्रातः कालीन समय में जब ढोल-नगाड़ों की ताल पर बाल स्वयं सेवक कदमताल करते हुए नगर की सड़कों पर निकले, तो पूरा वातावरण देशभक्ति और अनुशासन की भावना से ओतप्रोत हो उठा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित इस बाल पथ संचलन में बड़ी संख्या में नन्हें स्वयंसेवकों ने भाग लेकर अनुशासन, देशभक्ति और संगठन के आदर्शों का परिचय दिया।

यह पथ संचलन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सेठ अमरचंद्र समैया सीएम राइज स्कूल परिसर से प्रारंभ हुआ। विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर यह यात्रा नगर के मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्र और प्रमुख चौक-चौराहों से होती हुई पुनः प्रारंभिक स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में भारत माता की जय, वंदे मातरम्, जय श्रीराम, और राष्ट्र की जय जैसे जयघोषों से पूरा नगर गूंज उठा। बाल स्वयं सेवकों ने सफेद शर्ट, खाकी निकर और टोपी पहनकर संगठित रूप से कदमताल की, जिससे अनुशासन और संगठन की एक सुंदर झलक दिखाई दी।



### नागरिकों ने किया संचलन का पुष्पवर्षा से स्वागत

पथ संचलन के दौरान नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। कई स्थानों पर रंगोली सजाई गई, वहीं नागरिकों और महिलाओं ने बाल स्वयं सेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका उत्साह बढ़ाया। नगर के मुख्य चौराहों पर बच्चे जब संघ गीत की धुन पर कदमताल करते हुए गुजरे, तो अनेक नागरिक राष्ट्रगौरव और संस्कार की भावना से अभिभूत हो उठे।

**'भारत माता की जय' के गूंजे जयकारे :** संचलन का प्रत्येक चरण अत्यंत अनुशासित रहा। स्वयं सेवकों ने कतारबद्ध होकर और एक समान चाल से पथ संचलन किया, जिससे देखने वाले नागरिक प्रभावित हुए। पथ संचलन के मार्ग पर नागरिकों ने ध्वज वंदन, दीप सजावट और रंगोली प्रदर्शन के माध्यम से अपना समर्थन व्यक्त किया। हर मोड़ और चौक पर भारत माता की जय के नारे गूंजते रहे।

### पदाधिकारियों ने संघ का बताया उद्देश्य

*कार्यक्रम के समापन अवसर पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने स्वयंसेवकों और उपस्थित नागरिकों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का उद्देश्य समाज में एकता, अनुशासन, देशभक्ति और सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। संघ बाल स्वयंसेवकों को चरित्र निर्माण, निस्वार्थ सेवा और राष्ट्रप्रेम की शिक्षा देता है। पदाधिकारियों ने कहा कि आज के बच्चे कल के राष्ट्र निर्माता हैं। उनमें यदि अनुशासन और संस्कार हों, तो राष्ट्र का भविष्य स्वर्णिम हो सकता है। संचलन में शामिल बाल स्वयंसेवकों के चेहरों पर उत्साह और गर्व झलक रहा था। नन्हें कदमों की अनुशासित चाल ने यह संदेश दिया कि संस्कार और देशभक्ति की नींव बचपन से ही रखी जानी चाहिए।*